Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006
Participants : Koli Shri Ramswaroop,Kaswan Shri Ram Singh,Maheshwari Smt. Kiran,Rawat Prof. Rasa Singh,Singh Shri Dushyant,Bhargav Shri Girdhari Lal,Bhagora Shri Mahaveer

an>

Title: Need to provide special relief for flood affected regions in Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव :मान्यवर, राजस्थान के दक्षिणी-पश्चिमी भाग के 12 जिलों में व्यापक बाढ़ के कारण भारी नुकसान हुआ है। इन 12 जिलों में धनहानि, पशुहानि, कृाि फसलों एवं अन्य सम्पत्तियों के नुकसान के संदर्भ में उपयुक्त राशि उपलब्ध कराने की मांग बार-बार राजस्थान सरकार ने की है। इस राशि में से 2409 करोड़ रूपए की राशि एनसीसीएफ से और 874.52 करोड़ रूपए की राशि विशो पैकेज के रूप में बाढ़ प्रभावित लोगों के पुनर्वास के लिए मांगी गयी है। परन्तु केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय अध्ययन दल द्वारा अध्ययन किए जाने के बाद भी मांगी गयी राशि उपलब्ध नहीं कराई है। इसलिए आपके माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान के उन 12 जिलों के लोग आज बहुत ही दुखी और व्यथित हैं, पानी निकालने की कोशिश राज्य सरकार ने की है, लेकिन वहां खानें होने की वजह से राज्य सरकार को इसमें सफलता नहीं मिली है। मेरी यह मांग है कि राजस्थान को विशो पैकेज के रूप में यह राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जाए क्योंकि यह धनराशि उपलब्ध न कराना, एक प्र ाकार से नैतिक नहीं होगा। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि एक स्पेशल पैकेज के रूप में राजस्थान को वह धनराशि दी जाए।

महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ।

श्रीमती किरण माहेश्वरी (उदयपुर) : महोदय, मैं इस विाय के साथ एसोसिएट करती हूँ।

अध्यक्ष महोदय : आप लोग नियम जानते हैं, जिन माननीय सदस्यों को एशोशियट करना है, वे अपने नाम भेज दीजिए।

निम्नलिखित माननीय सदस्यों ने गिरधारी लाल भार्गव जी द्वारा उठाई गयी मांग के साथ स्वयं को सम्बद्ध किया है : श्रीराम स्वरूप कोली, श्रीमती किरण माहेश्वरी, प्रो0रासा सिंह रावत, श्री दुयंत सिंह, श्री महावीर भगोरा, श्री राम सिंह कास्वां।

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER : I do not think the hon. Members are in a mood work.

... (*Interruptions*)